# कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं, सरगुजा–संभाग–अम्बिकापुर, छत्तीसगढ़

क्रमांक /          / संयु.संचा. / 2013                    अम्बिकापुर,दिनांक      /    / 2013

## विज्ञप्ति

कार्यालय मिशन संचालक राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन छत्तीसगढ़ रायपुर के पत्र क्रमांक / एन.आर.एच.एम. 2013 / एलएन.एस.1280 / 1874, रायपुर.दिनांक 22.01.2013 के द्वारा दिये गये निर्देशो के परिपालन में संभागीय संयुक्त संचाल स्वास्थ्य सेवायें, सरगुजा संभाग–अम्बिकापुर छ.ग. के अधीनस्थ जिलों की विभिन्न संस्थाओ में एन.आर.एच.एम. के अतर्गत रि निम्नांकित पदों पर संविदा नियक्ति किये जाने हेतु एतद्द्वारा विज्ञप्ति जारी कर पात्र महिला आवेदकों से आवदेन पत्र आमंि किये जाते है।

**सरगुजा संभाग हेतु रिक्त पदों का आरक्षण विवरण निम्नानुसार है:–**

| स. क्र. | पद का नाम | कुल रिक्त पद सं. | अनुसूचित जाति | | | | अनुसूचित जनजाति | | | | अन्य पिछड़ा वर्ग | | | | अनारक्षित | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| संविदा | | | म. | वि. | भू.से. | योग | म. | वि. | भू.सै | योग | म. | वि. | भू.सै | योग | म. | वि. | भू.सै | योग |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 |
| 1. | स्टॉफ नर्स | 77 | 4 | 0 | 0 | 4 | 37 | 3 | 5 | 45 | 8 | 1 | 1 | 10 | 15 | 1 | 2 | 18 |
| 2. | 2nd ए.एन.एम | 89 | 4 | 0 | 1 | 5 | 40 | 3 | 5 | 48 | 10 | 1 | 1 | 12 | 21 | 1 | 2 | 24 |

**उक्त पदो पर नियुक्ति हेतु अनिवार्य अर्हताएं निम्नानुसार है:–**

| क्र | पदनाम | संविदा मानदेय | अनिवार्य अर्हताएं |
|---|---|---|---|
| 01 | स्टॉफ नर्स | 12000.00 / –रू. एकमुश्त प्रतिमाह | 01. 12 वी परीक्षा जीव विज्ञान में उत्तीर्ण<br>02. बी.एस.सी. नर्सिंग में स्नातक अथवा जनरल नर्सिंग एवं ज्येष्ठ प्रसूति विज्ञान(सिनीयर मिडवाईफरी) परीक्षा में उत्तीर्ण<br>03 छ.ग. नर्सिंग काउंसिल में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है। |
| 02 | 2nd ए.एन.एम | 9000.00 / –रू. एकमुश्त प्रतिमाह | 01. 10 वी परीक्षा तथा ए.एन.एम.(महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता) 18 माह का प्रशिक्षण उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।<br>02. छ.ग. नर्सिंग काउंसिल में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है। |

**नियम एवं शर्तें :–**

1. संविदा नियुक्ति पूर्णतः अस्थाई होगा।
2. संविदा नियुक्ति दिनांक 31 मार्च 2013 तक की जावेगी। राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन की वार्षिक योजना 2013–14 को अनुमोदन उपरांत एक वर्ष की संविदा वृद्धि की जावेगी।
3. आवेदक को छ.ग. का मुल निवासी होना अनिवार्य है। छ.ग. का स्थानीय निवासी ही प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी स्तर से जारी प्रमाण पत्र संलग्न करने होगें।
4. संविदा पर नियुक्ति कर्मचारी छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 से शासित होगे।
5. आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि को आवेदक का छ.ग. राज्य के अन्तर्गत स्थित रोजगार पंजीयन कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है। आवेदन–पत्र के साथ जीवित रोजगार पंजीयन प्रमाण–पत्र की सत्यापित प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
6. आवेदक की आयु दिनांक 01 / 01 / 2013 की स्थिति में न्यूनतम 18 वर्ष तथा अधिकतम 65 वर्ष से अधिक नही होनी चाहिए।
7. ऐसा कोई भी अभ्यर्थी जिसकी दो से अधिक संतान है, जिसमें से एक का जन्म 25 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात हुआ हो किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिये पात्र नही होगा।
8. एक से अधिक रिक्त पदों में भर्ती के इच्छुक अभ्यर्थियों को प्रत्येक पद के लिये पृथक–पृथक आवेदन–पत्र प्रस्तुत करना होगा।
9. प्रत्येक आवेदन पत्र के साथ अभ्यर्थी को 5.00 रू. का डाक टिकट लगा हुआ तथा अभ्यर्थी के पत्र व्यवहार का पता लिखा हुआ 02 खाली लिफाफा (10x4) अनिवार्य रूप से संलग्न करना होगा।
10. आरक्षित वर्ग के आवेदकों को जाति के समर्थन में छ.ग. छानबीन समिति द्वारा सत्यापित स्थायी जाति प्रमाण–पत्र की सत्यापित छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
11. आवेदक को अपनी आयु सत्यापन हेतु आवेदन–पत्र के साथ कक्षा पांचवीं, आठवीं तथा हाई स्कूल परीक्षा प्रमाण–पत्र / अंकसूची की सत्यापित छायाप्रतियां संलग्न करना अनिवार्य होगा।
12. शासकीय / अर्द्ध–शासकीय / निजी संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों को अपना आवेदन–पत्र संबंधित संस्थानों के नियोक्ता के अनापत्ति प्रमाण–पत्र सहित प्रस्तुत करा अनिवार्य होगा, अन्यथा आवेदन–पत्र विचारणीय नही होगा।
13. आवेदन–पत्र में निर्धारित स्थान पर आवेदक को अपना रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो (वर्तमान समय का) चस्पा कर उसे सत्यापित कराना अनिवार्य होगा।

/ / क्रमशः पृष्ठ 02 पर / /

14. अपूर्ण, अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों के संबंध में आवेदक को कोई सूचना नही दी जावेगी। आवेदक को चाहिए कि, विज्ञापन में दिये गए निर्देशों तथा आवेदन पत्र में सभी जानकारी देखकर एवं सावधानी पूर्वक सही एवं पूर्ण जानकारी यथास्थान अंकित करे।। यदि आवेदन पत्र में कोई जानकारी अपूर्ण एवं त्रुटिपूर्ण पाई जाती है तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी आवेदक की होगी। त्रुटि अथवा अपूर्णता के आधार पर आवेदक को बिना पूर्व सूचना दिए आवेदन पत्र चयन के किसी भी स्तर पर निरस्त किया जा सकेगा।
15. विज्ञापित रिक्त पदों की संख्या में प्रशासनिक कारणों से परिवर्तन हो सकता है। पदों की संख्या घटाया/बढ़ाया जा सकता है, अथवा विज्ञप्ति निरस्त भी किया जा सकता है।
16. चयन के संबंध में चयन समिति का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।
17. शासन के द्वारा भर्ती नियम में किसी प्रकार का परिवर्तन किया जाता है या निर्देश जारी किया जाता है तो इस विज्ञप्ति पर लागू होगा।
18. भर्ती प्रक्रिया के दौरान किसी भी विवाद अथवा समस्या पर अंतिम निर्णय लेने का अधिकार नियुक्तिकर्ता अधिकारी के पास सुरक्षित रहेगा।
19. चयन उपरांत यदि कोई जानकारी असत्य पाई जाती है तो की गयी नियुक्ति तत्काल निरस्त कर दी जावेगी साथ ही संबंधित के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही भी की जावेगी।
20. निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता/प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के अतिरिक्त अन्य किसी उच्चतर योग्यता के लिए अतिरिक्त अंक अथवा प्राथमिकता के लिए दावा मान्य नही होगा।
21. आवेदक को आवेदन–पत्र के निर्दिष्ट स्थानों पर अपना हस्ताक्षर अंकित करना अनिवार्य है।
22. आवेदक के द्वारा आवेदन–पत्र के लिफाफे पर आवेदित पद का नाम एवं वर्ग (श्रेणी) स्पष्ट एवं पठनीय अक्षरों में लिखना अनिवार्य होगा।
23. चयन समिति द्वारा उम्मीदवारों का चयन मेरिट के आधार पर किया जावेगा।
24. प्रतीक्षा सूची जारी दिनांक से एक वर्ष की अवधि के लिए मान्य होगी।

## आवेदन के संबंध में दिशा निर्देश

आवेदन पत्र इस विज्ञापन के साथ संलग्न प्रारूप में समस्त वांछित प्रमाण–पत्र एवं अंक–सूचियों की राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित छायाप्रति सहित प्रस्तुत किये जा सकेंगे। आवेदन पत्र के साथ संलग्न दस्तावेजो की अच्छी तरह से नस्तीबद्ध करते हुए पृष्ठ क्रमांक भी अंकित करे। आवेदन पत्र निर्धारित क्रम से ही व्यवस्थित करें। (1. आवेदन पत्र 2. निवास प्रमाण पत्र 3. रोजगार पंजीयन प्रमाण पत्र 4. जाति प्रमाण पत्र 5. शैक्षणिक योग्यता प्रमाण–पत्र 6. अनुभव प्रमाण पत्र 7. अन्य प्रमाण–पत्र 8. लिफाफा)।

पूर्णतः भरे हुए आवेदन पत्र दिनांक 22/02/2013 को सायं 5.30 बजे तक रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट के द्वारा कार्यालय, संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं, सरगुजा – संभाग – अम्बिकापुर, छत्तीसगढ़ के पते पर प्राप्त हो जाना चाहिए। व्यक्तिगत रूप से कार्यालय में कोई आवेदन स्वीकार नही किए जावेंगे। आवेदन पत्र प्राप्त होने हेतु निर्धारित अंतिम तिथि 22/02/2013 के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नही किया जावेगा।

**संलग्नः– आवेदन पत्र का निर्धारित प्रारूप।**

**हेतु–संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं**
**सरगुजा – संभाग – अम्बिकापुर, छ.ग.**

## आवेदन पत्र का निर्धारित प्रारूप

प्रति,

> आवेदक का पासपोर्ट साईज का फोटो यहां चस्पा किया जावे तथा राजपत्रित अधिकारी से सत्यापित कराई जावे।

**संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं,**
**सरगुजा – संभाग – अम्बिकापुर, छ.ग.।**

विषयः– **स्टॉफ नर्स / 2nd ए.एन.एम.** (संविदा) (जो लागू न हो उसे काटें) के पद पर नियुक्ति हेतु अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग / अनारक्षित वर्ग के तहत् आवेदन पत्र प्रस्तुत करने बाबत्।

—

1. आवेदक का पूरा नाम (हिन्दी में) ..............................................................................
2. पिता / पति का नाम ..............................................................................
3. लिंग (महिला / पुरुष) ..............................................................................
4. जन्म तिथि (अंकों में) ..............................................................................
   (शब्दों में)
5. दिनांक 01 / 01 / 2013 को आवेदक की आयु वर्ष..................माह....................दिन..........................
6. जाति (वर्ग)–(प्रमाण–पत्र संलग्न करें) जाति ..................................वर्ग ...........................
7. आवेदक / आवेदिका यदि विवाहित है तो उसके विवाह की तिथि व विवाह के समय आयु तिथि .......................................आयु ........................
8. जीवित संतानों का विवरण (जन्मतिथि की पुष्टि में अभिप्रमाणित अभिलेख संलग्न की जावे। क्र. संतान का नाम जन्मतिथि ..... .......................... ................................
9. स्थायी निवास का पता (मूल निवास की जानकारी दी जाय) ..........................................................................................................................................................
10. पत्र व्यवहार का पूर्ण पता ..........................................................................................................................................................
11. शैक्षणिक योग्यता / तकनीकी योग्यता का विवरणः–

| क्र | उतीर्ण परीक्षा / तकनीकी परीक्षा का नाम | बोर्ड / वि.वि. का नाम | परीक्षा उतीर्ण करने का वर्ष | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |

12. अन्य तकनीकी अर्हताएं
13. रोजगार कार्यालय का नाम एवं जीवित पंजीयन क्रमांक तथा दिनांक .............................................................................................................................................
14. क्या आवेदक शासकीय / अर्द्धशासकीय / स्वशासी सेवारत है?................................................................ यदि हां तो कार्यालय का विवरण दिया जावे एवं कार्यालय प्रमुख के अनापत्ति प्रमाण पत्र की अभिप्रमाणित प्रति संलग्न की जावे।
15. क्या आवेदक के विरुद्ध कोई दाण्डिक प्रकरण किसी पुलिस थाने में / न्यायालय में लंबित है अथवा अथवा किसी न्यायालय से निराकृत हो चुका है? यदि हां तो संबंधित अधिनियम एवं धारा सहित प्रकरण कंमांक तथा निर्णय आदि जानकारी को स्पष्ट रूप से उल्लेख करें।
16. संलग्न सहपत्रों (अभिप्रमाणित) की सूची।

**आवेदक का नाम एवं हस्ताक्षर**

### घोषणा–पत्र

मैं (नाम) ..................................................................शपथ पूर्वक घोषणा करता / करती हूं कि इस आवेदन पत्र में मेरे द्वारा दी गई समस्त जानकारी मेरे विश्वास एवं जानकारी के अनुसार सत्य एवं सही है। आवेदन पत्र में मेरे द्वारा दी गई कोई भी जानकारी किसी भी समय गलत या असत्य पाई जाने पर या मेरे द्वारा किसी तथ्य को छुपाया जाना पाये जाने पर मेरी उम्मीदवारी स्वयमेव निरस्त हो जावेगी तथा भर्ती संबंधी मेरे सभी दावे समाप्त हो जायेंगे।

दिनांकः / /2012.

**आवेदक का नाम एवं हस्ताक्षर**